राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०) उ०प्र०
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

अति महत्वपूर्ण

पत्रांक 652 241/NULM/तीन/2001–Vol-II(EC) दिनांक 18-10-17

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0।
2. समस्त परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
   उ0प्र0।

विषयः– दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत शहर स्तर पर गठित कार्यकारी समिति (एक्जीक्यूटिव कमेटी) की बैठक के संबंध में।

महोदया/महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के संचालन हेतु शासनादेश–779/69–1–14–14(104)/2013 दिनांक 23.05.2014 के माध्यम से शहर स्तर पर नगर निगम वाले चयनित शहरों तथा नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायत वाले चयनित शहरों में कार्यकारी समिति का गठन किया गया था, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त शासनादेश दिनांक 23.05.2014 के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्र संख्या–2360/241/NULM/तीन/2001 Vol-II दिनांक 02.09.2015 द्वारा प्रत्येक माह शहर स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित कराकर मिशन की प्रगति की गहन समीक्षा करी जाय जिससे कि लक्ष्यों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाये जाने हेतु समस्त जनपदों को शहर स्तर पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाय साथ ही कार्यकारी समिति का एजेण्डा एवं कार्यवृत्त भी ससमय एस0एम0एम0यू0, उ0प्र0 को उपलब्ध कराना सुनिशिचित किया जाय।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अवगत कराना है कि राज्य स्तर पर मिशन की समीक्षा हेतु विगत में आयोजित बैठकों में भी शहर स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित कर अनुश्रवण कराये जाने एवं मिशन के अन्तर्गत प्रेषित की जा रही परियोजनाओं के अनुमोदन के निर्देश भी दिये जाते रहे है, परन्तु अधिकांश शहर स्तरीय कार्यकारी समिति के बैठक की कार्यवृत्त एवं किये गये कार्यों की आख्या एस0एम0एम0यू0, उ0प्र0 को अप्राप्त है। मिशन के उपघटक शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजनान्तर्गत प्रस्तावों के अनुमोदन, शेल्टर्स निर्माण एवं संचालन में शहर स्तरीय कार्यकारी समिति की अहम भूमिका है तथा प्रकरण के मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन होने एवं निरन्तर प्रगति किये जाने के दृष्टिगत अपेक्षित सूचना शहर से एस0एम0एम0यू0, उ0प्र0 को प्राप्त न होने के कारण विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

अतः शहर स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक का आयोजन प्रत्येक माह न कर पाने की स्थिति में कम से कम तीन माह में एक बार आवश्यक रुप से कराना एवं बैठक का कार्यवृत्त एस0एम0एम0यू0, उ0प्र0 को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें। यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017–18 में DAY-NULM का क्रियान्वयन प्रथम चरण मे चयनित 82 शहरों के अतिरिक्त द्वितीय चरण में अन्य 48 शहरों को भी चयनित किया गया है, जिसकी सूचना भी संबंधित जनपदों को प्रेषित की जा चुकी है। इस प्रकार मिशन के अन्तर्गत वर्तमान में कुल 130 शहर चयनित है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि मिशन के अन्तर्गत चयनित कुल 130 शहरों की कार्यकारी समिति की उपरोक्तानुसार समय से बैठक आहूत कर बैठक का कार्यवृत्त शीर्ष प्राथमिकता पर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. समस्त परियोजना अधिकारी / सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
2. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक